एक नजर में

नर्मदा साहित्य मंथन में दोहाकर श्यामसिंह ठाकुा सम्मिलित

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित नर्मदा साहित्य मंथन के पंचम सोपान में बुरहानपुर जिले से दोहाकर श्यामसिंह ठाकुर के संयोजन में जिले के अधिवक्ता राजेश्वरी भट्ट (प्रांत कार्यकारिणी सदस्य),समाजसेविका पूजा नगड़ा, प्राचार्य सुलेखा ठाकुर,शिक्षक अखिलेश श्रीवास्तव,योगाचार्य विजय महाजन आदि सम्मिलित हुए ँयह आयोजन इंदौर स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशीला परिसर मे 30 जनवरी से 1 फरवरी तक हो रहा है ।

कुष्ठ जागरूकता एवं विकृति स्वरक्षा शिविर

बुरहानपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बुरहानपुर , जिला स्वास्थ्य समिति बुरहानपुर एवं जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संयुक्त तत्वधान में प.पु. महात्मा गाँधी की पुण्य तिथि पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी हॉस्पिटल में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता एवं कुष्ठ विकृति स्वरक्षा शिविर के आयोजन पर पधारे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव प्रेमदीप सांखला ,DHO 1 डॉ एल डी एस फुन्काल ,संरक्षक व् संस्थापक जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर महेंद्र जैन , संरक्षक सलाहकार डॉ फौजिया सोडावाला के विशेष आतिथ्य व जिला नोडल कुष्ठ अधिकारी डॉ आशुतोष जोशी ,जनजाग्रति अध्यक्ष डॉ किरण सिंह ,DCm संजू गरडे , प्रशिक्षण प्रभारी सुशांत जीमनेकर ,ष्ठरूनितिन गहलोद व कुष्ठ नियंत्रण इकाई स्टाफ एवं गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के करकमलो से दीप प्रज्वलन से हुआ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रेमदीप सांखला ने कहा की बीमारी कैसी भी हो अगर उसका इलाज पूर्ण रूप से संभव है तो उससे डरने व् घबराने की आवश्यकता नही है ।

जैनाबाद शासकीय हिंदी माध्यमिक शाला की समस्याओं के समाधान हेतु कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बुरहानपुर। शासकीय हिंदी माध्यमिक शाला जैनाबाद में व्याप्त मूलभूत समस्याओं के निराकरण हेतु शाला के प्रभारी प्रधान पाठक श्री आनंद पंसारी द्वारा जिला कलेक्टर महोदय को एक आवेदन सौंपा गया है। आवेदन में बताया गया है कि शाला से संबंधित समस्याओं को लेकर विगत लगभग एक वर्ष से ग्राम पंचायत के संबंधित पदाधिकारियों से लिखित एवं मौखिक रूप से निरंतर संपर्क किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामवासी एवं विद्यार्थियों के अभिभावकों द्वारा भी पंचायत स्तर पर चर्चा कर समाधान के प्रयास किए गए, किंतु अब तक समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

बुरहानपुर। जिले के शाहपुर नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुर द्वारा महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया । शांति और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुर द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम माननीय जीतू पटवारी जी एवं रविन्द्र महाजन (जिला अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर ग्रामीण) के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामभाऊ लांडे, इंद्रसेन देशमुख , पार्षद किशोर देशमुख , शैलेंद्र इंगले, हंसराज पाटील , मुरलीधर महाजन,आरती लांडे, प्रमोद आमोदे, पंकज राउत, नितिन इंगले ,राजेन्द्र गावंडे, किशोर खांडवेकर, नासिर कुरेशी, मनीष महाजन , कैलाश असेरकर , मुकेश बुनगाड , सुभाषं अवसरमल , प्रकाश यावतकर रविन्द्र बाविस्कर एवं किशोर चौधरी सहित शाहपुर ब्लॉक के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

बुरहानपुर। ब्रह्माकुमारी आश्रम की प्रशाषिका बी के मंगला दीदी ने सम्बोधित किया बुरहानपुर नगर की प्रथम नागरिक महापौर माधुरी अतुल पटेल, निगम अध्यक्ष अनीता अमर यादव, पूर्व महापौर अतुल पटेल,लायन्स क्लब के डॉक्टर आई एल मुंदडा, डॉ. तारिक,प्रदेश अध्यक्ष मंडी कर्मचारी महासंघ भोपाल एवं प्रांतीय संयोजक नेशनल बैंक ऑफ़ ओल्ड पेंशन स्कीम भोपाल के संतोषसिंह दीक्षित, राज्य कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप इंगले, प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अता उल्ला खान, रोटी बैंक मेनेजर संजयसिंह शिन्दे मंचासीन थे कार्यक्रम का संचालन बीके स्वाति दीदी ने किया तथा आभार समाजसेवी माधव बिहारी अग्रवाल ने किया इस अवसर पर अनेक बुजुर्ग उपस्थित थे।

वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, बुरहानपुर रेलवे स्टेशन पर गोवा एक्सप्रेस का प्रथम स्टॉपेज

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील सहित जनप्रतिनिधियों ने चालक दल का स्वागत कर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना

नवभारत न्यूज।

बुरहानपुर। शुक्रवार को लोकसभा के राजनीतिक इतिहास में एक नया रिकॉर्ड सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के नाम दर्ज हो गया। उनके सतत प्रयास से 15 वी ट्रेन निज़ामुद्दीन-वास्को डी गामा (गोवा एक्सप्रेस) का बुरहानपुर स्टेशन पर ठहराव शुरू हो गया। सांसद पाटील ने अपने कार्यकाल में बुरहानपुर, नेपानगर और खंडवा में 15 ट्रेनो के स्टॉपेजो की सौगात दिलाई है। सांसद पाटील सहित जनप्रतिनिधियों ने रेल चालक दल का स्वागत कर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी स्टेशन पहुंचे और सांसद का स्वागत कर आभार माना।

शिक्षा, रोजगार और विकास के खुले नए द्वार : इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि जनता की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हुई हैं।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का आभार व्यक्त करता हूं। गोवा एक्सप्रेस ट्रेनसंख्या12779/12780 (प्रतिदिन) के स्टॉपेज से अब गोवा के लिए बुरहानपुर से सीधी कनेक्टिविटी हो गई है। वही पुणे में शिक्षा ले रहे जिले के विद्यार्थी,वहा कार्यरत युवाओं को आवागमन में सुविधा होंगी। यह रेल ठहराव बुरहानपुर ज़िले के विद्यार्थियों, युवाओं, व्यापारियों और आम यात्रियों के लिए शिक्षा, रोजगार और विकास के नए द्वार खोलेगा तथा ज़िले की प्रगति को नई गति प्रदान करेगा।

नेपानगर में भी ट्रेनों के स्टॉपेज की मिलेगी सौगात : सांसद पाटील ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओ के विस्तार को लेकर सतत कार्य कर रहा हूँ। नेपानगर स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन स्कीम अंतर्गत कार्य पूर्णता की ओर है। यहां भी नई ट्रेन के साथ ही कोविड काल में बंद हुई ट्रेनों के स्टॉपेज को पुन शुरू करने के लिए सतत प्रयास कर रहा हूँ मुझे पूर्ण विश्वास है कि जल्द ही यहां भी सौगात मिलेंगी।

पत्राचार व भेंट भी की थी: डीआरयूसीसी सदस्य पंकज नाटानी ने कहा कि गोवा एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के प्रयास व अनुरोध पर हुआ है। इसे लेकर उन्होंने पत्राचार के साथ केंद्रीय रेल मंत्री से कई बार भेंट भी की थी। इस ट्रेन के स्टॉपेज को लेकर लंबे अरसे से मांग की जा रही थी जो आज पूरी हुई है। इस दौरान रेलवे के अधिकारीयो और कर्मचारियों द्वारा भी सांसद का स्वागत किया गया। रेलवे संघर्ष समिति के सचिव राम अग्रवाल पहले यात्री रहे जो पुणे से बुरहानपुर प्रथम स्टॉपेज पर ट्रेन से पहुंचे। इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने, मप्र पावरलूम फेडरेशन अध्यक्ष श्री जयंती भाई नवलखे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम मार्को, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गजानन महाजन,पूर्व महापौर श्री अतुल पटेल,श्री अनिल भोसले,भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील, निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता अमर यादव,महामंत्री संजय जाधव, ईश्वर चौहान, पार्षदगण, रेलवे सीनियर डीसीएम श्री अजय कुमार,रेलवे के अधिकारीगण, संघर्ष समिति के पदाधिकारीगण, क्षेत्रवासी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यालय अधीक्षक पुष्पेंद्र कापडे ने किया।

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई एवं मद्य निषेध संकल्प दिवस मनाया

शाहपुर। नगर परिषद शाहपुर में 30 जनवरी 2026 को शासन निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला बुरहानपुर के पत्र क्रमांक/नशाबंदी/1/768227/2026 दिनांक 28/01/2026 अनुसार 30 जनवरी 2026 को 'मद्य निषेध संकल्प दिवस' महात्मा गांधीजी की पुण्यतिथि मनाई एवं भारत के स्वतंत्रता के शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखा गया । इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री वीरेंद्र तिवारी, परिषद् पदाधिकारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा महात्मा गांधीजी के फोटो का पूजन कर मद्य निषेध शपथ एवं संकल्प लिया ! इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में मद्यपान की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकना और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना तथा भारत के स्वतंत्रता के शहीदों को श्रद्धांजलि देना है ! - उनके बलिदान को याद करना और उनके सपनों को पूरा करने के लिए संकल्प लेना। अस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रतिनिधी श्री गोपाल चैधरी, पार्षद श्री अशोक निकम, श्री कैलाश असेरकर, श्री अरूण चौधरी, शेख साकिर, शेख ताजुद्दीन, पवन बड़ोले, पार्षद प्रतिनिधी श्री विजय दौड़े, श्री विनोद चौधरी, श्री मुकेश बुनगाल गणमान्य नागरिक आकाश राखोंड़े, रवि जैन, उमेश महेश्री मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान, मुख्य लिपिक श्री जगन्नाथ महाजन, रतनसिंह रावत, ईश्वर वरखेडे, अभिषेक जवरे, बोंदरसिंग डावर, चेतन महाजन, वसंत महाजन, राजू महाजन एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की मुख्य बातें

- परिषद् पदाधिकारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा मद्य निषेध "नशा न करेंगे, न करने देंगे" की शपथ ली ।
- मद्य निषेध के स्लोगन से नशा न करने का संदेश दिया
- मौन के दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

कार्यक्रम का उद्देश्य

- समाज में मद्यपान की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकना।
- लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना।
- नशा मुक्त समाज का निर्माण करना
- भारत के स्वतंत्रता शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना।

जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार संगठन के लिए "प्रतिभा खोज " अभियान की शुरुआत

बुरहानपुर । मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं रचनात्मक बनाने के उद्देश्य से "प्रतिभा खोज (Talent Search)" अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार एवं महामंत्री (संगठन) डॉ. संजय कामले जी के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत ऐसे कांग्रेस विचारधारा से जुड़े समर्पित साथियों को आमंत्रित किया जा रहा है, जो चुनावी प्रक्रिया से इतर रहकर संगठन के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के इच्छुक हैं तथा जिला अथवा प्रदेश स्तर पर संगठन को समय दे सकते हैं। इसके साथ ही साहित्यिक एवं रचनात्मक विधाओं से जुड़े प्रतिभाशाली साथियों—जो गीत गाते हों, वाद्य यंत्र बजाते हों, विभिन्न विषयों पर लेखन करते हों, कविता, शायरी, नारे तैयार करते हों या कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन करते हों—को भी कांग्रेस संगठन के साथ जुड़कर कार्य करने के लिए आमंत्रित किया गया है। इच्छुक एवं योग्य साथी अपने व्यक्तिगत विवरण के साथ जिला कांग्रेस कमेटी मै श्री रिंकू टाक , जिला अध्यक्ष बुरहानपुर (मो. 9229380755) प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में श्री महेन्द्र जोशी जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (मो. 9810112141) एवं श्री ललित सेन, प्रभारी, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य (मो. 9993375005) से संपर्क कर सकते हैं। इस अभियान के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। सभी आयु वर्ग के योग्य एवं उत्साही साथियों का संगठन में स्वागत है।

कैरियर मेले का आयोजन

बुरहानपुर। 30 जनवरी 2026 को शासकीय उर्दू शाला लालबाग बुरहानपुर में शासन के दिशा निर्देशों अनुसार कैरियर मेले का आयोजन किया गया जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ रोहिणी पवार मैडम तथा मंडी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष माननीय संतोष सिंह दीक्षित जी ने गरिमामयी उपस्थित देकर शाला में अध्ययन कर रहे कक्षा नवी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट करियर के लिए बेहतरीन जानकारी देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। माननीय रोहिणी पवार मैडम ने विद्यार्थियों को पीएससी यूपीएससी और अन्य प्रकार की परीक्षाएं किस प्रकार क्रैक की जा सकती है इस संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। समस्त विद्यार्थियों को और विशेष कर छात्राओं को जागरूक रहने के लिए कहा। छात्राएं जब तक के अपना स्थान समाज में स्थापित न कर ले तब तक कड़ी मेहनत करती रहे। वही मणि ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित जी ने शिक्षा प्राप्त करने से लेकर स्वरोजगार मिलने तक और विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराया तथा अच्छे भविष्य की कामना की। यह कैरियर मिला इस संस्था में दिनांक 27 जनवरी 2026 से लगातार संचालित हो रहा है 27 जनवरी 2026 को शाला में करियर मेले में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए श्री अनिल बाविस्कर जी एवं श्री राजेश सालवी जी। इन्होंने विद्यार्थियों को उनके करियर के संबंध में सही दिशा निर्देश दिए। 28 जनवरी 2026 को शाला में प्रमुख काउंसलर के रूप में उपस्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के सीनियर लेक्चरर श्री किशोर तिलवानी सर एवं इंजीनियर अनिल मेढ़े सर उपस्थित हुए तथा पुरुषार्थ उच्चतर माध्यमिक शाला के उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री सुनील कोतवे जी ने भी अपनी बात रखी और विभिन्न क्षेत्र में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया दिनांक 29 जनवरी 2026 को शाला में करियर मेले में शेर बुरहानपुर की मेडिकल लाइन की जानी-मानी हस्ती सैयद यूसुफ अली उर्फ बाबा भाई ने उपस्थित होकर अपने विचार रखें और मेडिकल और अन्य लाइनों पर अपनी बात की और डॉक्टर इंजीनियर के अलावा जो मेडिकल लाइन की विद्यार्थी जीवन बना सकते हैं वह रास्ते बताएं। इस अवसर पर शाला प्राचार्य मोहम्मद ताहिर अंसारी ने शाला की समस्याओं से अतिथियों को अवगत कराया और आने वाले समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में करियर मेले के नूडल डॉ अशफ़ाक अहमद खान ने सफल संचालन किया करियर मेले में संस्था का समस्त स्टाफ और कक्षा नवी से 12वीं तक की समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नगर निगम द्वारा फव्वारा चौक में अस्थाई अतिक्रमण हटाया

अतिक्रमण की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी :आयुक्त

बुरहानपुर, निप्र। नगर निगम ने शुक्रवार को शहरी क्षेत्र के फव्वारा चौक से लेकर शनि मंदिर दुकान के बाहर ओटला बनाकर सामान रख अतिक्रमण किया गया था शहर में 02 दिवस पूर्व भारी बारिश के कारण नालिया चौक हो गई थी इस कारण पानी निकास नहीं हो रहा था पानी घरों में जा रहा था इन शिकायतों को ध्यान में रखते हुए आज उसे नगर निगम की टीम द्वारा सख्ती से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान अतिक्रमण कर रखे सामान को भी जब्त किया गया है। दुकानदार को भविष्य में अतिक्रमण न करने को लेकर चेतावनी भी दी गई है। दुकानदार को नगर निगम की कई बार समझाने के बावजूद उन्होंने दुकान के बाहर रोड़ तक अतिक्रमण किया था जिसको आज हटाने के निर्देश दिए थे। इसके चलते शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने यह कार्रवाई की है।

अतिक्रमण प्रभारी संजय तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि चित्रा जलेबी सेंटर, गणेश मेडिकल, पंसारी की दुकान,किताब बुक डिपो, हितेश गांधी द्वारा अतिक्रमण किया था उसको आज निगम द्वारा दल के साथ मौके पर जाकर हटाया गया नगर निगम के अधिकारियों ने साफ किया कि अतिक्रमण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बता दें कि शहर में बढ़ते अतिक्रमण के चलते आए दिन आम जन को परेशानी झेलनी पड़ती है। साथ ही पैदल चलने वाले लोगों के मजबूरी में सड़क पर चलना पड़ता है। इससे कई सड़क हादसे भी हो चुके हैं। शहर के प्रमुख बाजारों में कार्यवाही की जा रही है ताकि शहर को अतिक्रमण मुक्त किया जा सके। इस कार्रवाई के दौरान नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी अधिकारी संजय तिवारी सुखलाल मसाने आशीष तायड़े आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

एक नजर में — शहीद दिवस पर गांधी जी का पुण्य स्मरण

गांधी जी ने स्वच्छता की दी सीख, हम अपने शहर को स्वच्छ बनाएं : महापौर

नवभारत न्यूज

बुरहानपुर। निगम ने गांधी जी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल,निगम अध्यक्ष अनीता अमर यादव,निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव गांधी विचारधारा के समर्थन एवं जनप्रतिनिधियों ने गांधी चौक में स्थापित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गांधी जी का पुण्य स्मरण किया तत्पश्चात गांधी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के अंतर्गत महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने अपने उद्बोधन में गांधी जी के सिद्धांत स्वच्छता पर जोड़ दिया कहा कि देश की आजादी के आंदोलन के दौरान गांधी जी ने दलित कल्याण छुआछूत तथा स्वच्छता को भी इस आंदोलन का अंग बनाया हम गांधीजी के इन आदर्शों पर चलते हुए अपने शहर को स्वच्छता में नंबर 01 बने इसके लिए हम दैनिक उपभोग के लिए कपड़े की थैली का उपयोग करें और शहर को सिंगल यूज पॉलिथीन से मुक्त करें । निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता अमर यादव ने कहा की गांधी जी ने न केवल आजादी का आंदोलन चलाया बल्कि आजादी के बाद हमारी सामाजिक व्यवस्थाओं के लिए लोक हितकारी कार्यक्रम पर जोर दिया आज गांधी जी जीवित नहीं है इस दिन आपकी हत्या हुई थी किंतु अपने सिद्धांत और आदर्शों के कारण आज भी बापू अमर है । कार्यक्रम के आरंभ में महापौर निगम अध्यक्ष निगम आयुक्त गांधीवादी विचारक अन्य जन प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात मंचा सीन गजेंद्र शास्त्री ने गीता के श्लोक नीति प्रकाश सहगल,विजय आयरे ने आर्य समाज की प्रार्थना तथा महेंद्र जैन ने जैन धर्म की प्रार्थना और डॉ मनोज अग्रवाल ने मध्य निषेध एवं महापौर माधुरी अतुल पटेल ने सभी उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई शासकीय सावित्रीबाई फुले कन्या शाला की छात्राओं ने बापू की रामधून तथा उनका प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम तथा वैष्णव जन तने कहिए का सहगान किया।

मौन धारण कर पूज्य बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की

कार्यक्रम के दौरान सुनिश्चित समय पर सायरन बजते ही जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर पूज्य बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस दौरान कैलाश पारीक, गजेंद्र वर्मा, कृष्णा शाह साहित्यकार राजेंद्र मिश्रा,लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल,सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा,सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार,सहायक यंत्री अशोक पाटिल,कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी,जनसंपर्क अधिकारी हरिश मोरे,वीरेंद्र रवाये,संजय शाह सहित अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद थे।